दृष्टि The Vision

drishti

# GENERAL STUDIES (Test–3)

| निर्धारित समय: तीन घंटे<br>Time allowed: Three Hours | DTVF/23 (J-A)-M-**GSM (P-III)-2303** | अधिकतम अंक: 250<br>Maximum Marks: 250 |
|---|---|---|

Name: Ravi Gangwar — Mobile Number: ______

Medium (English/Hindi): Hindi — Reg. Number: ______

Center & Date: Mukherjee Nagar, 8.8.23 — UPSC Roll No. (If allotted): 0806397

**प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश**

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:***

*इसमें **बीस** प्रश्न हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।*

*प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।*

**QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS**

***Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and **ENGLISH**.*

*All the questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

केवल मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा भरा जाए *(To be filled by Evaluator only)*

| Question Number | Marks | Question Number | Marks |
|---|---|---|---|
| 1. | 4.5 | 11. | 6.5 |
| 2. | 4 | 12. | 7 |
| 3. | 5 | 13. | 7 |
| 4. | 4.5 | 14. | 6 |
| 5. | 4 | 15. | 6.5 |
| 6. | 5 | 16. | 7 |
| 7. | 4.5 | 17. | 6.5 |
| 8. | 4 | 18. | 7 |
| 9. | 5 | 19. | 6.5 |
| 10. | 4.5 | 20. | 5 |
| Grand Total (सकल योग) | 110/250 | | |

FL 211

मूल्यांकनकर्त्ता (हस्ताक्षर)
*Evaluator (Signature)*

पुनरीक्षणकर्त्ता (हस्ताक्षर)
*Reviewer (Signature)*

drishti | दृष्टि The Vision

# Feedback

1. Context Proficiency (संदर्भ दक्षता)
2. Introduction Proficiency (परिचय दक्षता)
3. Content Proficiency (विषय-वस्तु दक्षता)
4. Language/Flow (भाषा/प्रवाह)
5. Conclusion Proficiency (निष्कर्ष दक्षता)
6. Presentation Proficiency (प्रस्तुति दक्षता)

---

↳ आपकी विषय-वस्तु दक्षता काफी अच्छी है।

↳ कहीं-कहीं उत्तर में विविधता अपेक्षित है।

↳ प्रस्तुतीकरण अच्छा है, मैप आदि द्वारा और बेहतर करें।

↳ निरंतर लेखन अभ्यास करें, आप अवश्य बेहतर करेंगे।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

1. "उपमहाद्वीप के मानसून पर आर्कटिक प्रवर्द्धन का प्रभाव देखा जा सकता है" - दिये गए कथन के संदर्भ में आर्कटिक प्रवर्द्धन का अर्थ और उसके परिणामों की व्याख्या कीजिये। (150 शब्द) 10

"Impact of the arctic amplification can be seen on the monsoons of subcontinent"- Explain the meaning of arctic amplification and its consequences in the context of the given statement. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

मानसून की प्रक्रिया भारतीय उपमहाद्वीप में दाब, तापमान, आर्द्रता द्वारा निर्धारित होकर वर्षा करती है।

इस सन्दर्भ में आर्कटिक प्रवर्द्धन से आशय है कि "आर्कटिक क्षेत्र का अपने आस-पास की क्षेत्र के तुलना में तीव्रता से गर्म होना तथा बर्फ का पिघलना है"।

परिणाम:- i) आर्कटिक क्षेत्र के पर्यावरण पर दीर्घकालिक परिणाम (जैसे कि नवीन सूक्ष्म जीवों का सक्रिय होना आदि

→ जैव विविधता में परिवर्तन

ii) बर्फ पिघलने से पृथ्वी की परावर्तिता में कमी (एल्बिडो)

iii) अंटलांटिक में ताजे पानी की आपूर्ति बढ़ेगी (फलत: ग्लोबल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन प्रक्रिया प्रभावित

iv) आर्कटिक क्षेत्र में नवीन बंदरगाहों का विकास



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

तथा व्यापार मार्गों का विकास।

मानसून पर प्रभाव:- i) आर्कटिक प्रवर्द्धन की प्रक्रिया से संगत क्षेत्र में तापमान की अधिकता से प्रशांत (हिंद) महासागर में मानसून की अनियमितता में वृद्धि होगी।

ii) आर्कटिक प्रवर्द्धन के चलते पश्चिमी विक्षोभ सम्बन्धी प्रक्रिया का भारतीय उप महाद्वीप पर प्रभाव, फलतः मानसून आगमन में देरी

iii) आर्कटिक प्रवर्द्धन से पृथ्वी की परावर्तिता कम होगी, इससे पृथ्वी की तापमान प्रणाली असंतुलित होगी और ला-नीना (अल-नीना जैसी घटनाएँ अनियमित होगी

निष्कर्षतया आर्कटिक प्रवर्द्धन भारतीय मानसून को अप्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित करता है जिसका हमारी अर्थव्यवस्था पर नुकसानजनक प्रभाव होगा।

4.5/10

→ समुद्र के स्तर में वृद्धि

निष्कर्ष सकारात्मक दे



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

2. G20 को ऐसी नीतियाँ बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी है जो प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों को कम करने व उनसे निपटने में अग्रणी भूमिका निभा सकें। विवेचना कीजिये। (150 शब्द) 10

The G20 has a crucial role to play in developing effective strategies for mitigating the impact of natural disasters, enabling them to take a leading position in minimizing their consequences. Discuss. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

G20 एक विकसित, विकासशील देशों का राजनीतिक संगठन है, जिसका गठन 2008 की वैश्विक मंदी के पश्चात वैश्विक समस्याओं के सामूहिक समाधान हेतु किया गया था।

वर्तमान समय में G20 की अध्यक्षता भारत द्वारा की जा रही है और इसके विभिन्न मुद्दों में आपदा प्रबंधन को लेकर निम्न कदम उठाये गये हैं:

i) आपदा अवरोधी संरचना निर्माण समझौता (CDRI) को अपनाया गया है।

ii) आपदा पूर्व, आपदा पश्चात विभिन्न देशों के बीच सहयोग व समन्वय पर जोर दिया गया है।

iii) इसी क्रम में आपदा संबंधी दिशा-निर्देशों में सेंडाई फ्रेमवर्क को अपनाने पर बात की गयी।

भूमिका को प्रभावी बनाएं



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

iv) G20 में कुछ राष्ट्र तकनीकी तौर पर तथा वित्तीय रूप से आपदा प्रबंधन में अन्य राष्ट्रों की मदद कर सकते हैं।

G20 का आपदा जोखिम न्यूनीकरण वर्किंग ग्रुप (DRR-WG)

v) आपदा पूर्व चुनौतियों से निपटने में प्रशिक्षण, पूंजी गहन पूर्व चेतावनी प्रणाली सम्बन्धी तकनीक का विकास आदि क्षेत्रों में G20 महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

vi) G20 विश्व की तीन चौथाई जनसंख्या तथा सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिनिधित्व करता है। अर्थात इनके पास संसाधन तथा प्रभावित हो सकने वाला जन समुदाय दोनों हैं। अतः शमन, अनुकूलन तकनीकों पर निवेश करना चाहिए।

2/3rd

अतः आपदा के सन्दर्भ में जहाँ भारत अतिसंवेदनशील देशों की श्रेणी में आता है, उसे G20 जैसे वैश्विक मंचों का उपयोग अनुकूल नीति निर्माण हेतु करना चाहिए।

4/10



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

3\. भूजल में गिरावट के साथ भारत जल संकट का सामना कर रहा है। इस कथन के आलोक में जल निकायों की जनगणना के प्रमुख निष्कर्षों और महत्त्व पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

India is facing a water crisis with groundwater decline. In light of this statement, discuss the key findings and significance of the water-body census. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।

(Candidate must not write on this margin)

आजादी के समय भारत में प्रतिव्यक्ति जल उपलब्धता 3000-4000 $m^3$/प्रतिदिन थी जोकि अब घटकर 1000 $m^3$/प्रतिदिन रह गयी है। इस तथ्य से जलसंकट की स्थिति को समझा जा सकता है।

भारत में जल निकायों की गणना का कार्य केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के तहत कराया गया है। जिसके प्रमुख निष्कर्ष है:-

i) भू-जल सम्बन्धी दोहन में कृषि का स्थान अभी भी शीर्ष पर बना हुआ है।

ii) भारत के आधे से अधिक जल निकाय प्रदूषण की समस्या का सामना कर रहे हैं।

iii) प्रदूषण में भारी धातुएँ (आर्सेनिक, निकिल आदि) प्रमुख है।

iv) इसी प्रकार कृषि क्षेत्र से सुपोषण की समस्या तथा अम्लवर्षा से भी सुपोषण



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

की प्रक्रिया में वृद्धि हुयी है।

महत्व :- i) इस जनगणना से देश के जल-निकायों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हुयी है।

ii) निष्कर्षों का आधार बनाकर नीति-निर्माण में आसानी होगी।

iii) हर घर स्वच्छ जल उपलब्धता के सन्दर्भ में ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण है।

iv) कृषि सम्बन्धी सब्सिडी को भी तर्कसंगत करने की जरूरत है क्योंकि यह जल की प्राथमिक उपभोक्ता है।

v) इसी प्रकार सुपोषण / प्रदूषण से निपटने में आवश्यक मात्रात्मक आंकड़ों की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी।

इस प्रकार जल निकायों की गणना भविष्य के जल संकट की तीव्रता को कम करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

→ जल निकायों का डेटाबेस बनाना

5/10

अच्छा प्रयास है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

4. "वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामों से पलायन को रोकना है, जिससे सीमा की सुरक्षा में सुधार होगा।" मूल्यांकन कीजिये। (150 शब्द) 10

"Vibrant Village Programme aims to reverse the outmigration from border villages adding to improved security of the border." Evaluate. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत की सीमा-सुरक्षा सम्बन्धी मामलें में सीमांत गांवों का खाली होना तथा उनका विकास प्रक्रिया में पिछड़ा होना एक बड़ी समस्या है।

इसके समाधान हेतु सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम लाया गया है।

बजट 2022-23 में घोषित, केन्द्र प्रायोजित योजना।

प्रावधान :- i) सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकना।

ii) संधारणीय तथा किफायती आधारभूत ढाँचे के विकास द्वारा कनेक्टीविटी में बढ़ोतरी की जायेगी।

iii) स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराकर प्रवासन पर नियंत्रण का प्रयास किया जायेगा

→ एक गाँव एक उत्पाद

iv) स्वास्थ्य, बिजली जैसी समस्याओं का समाधान भी किया जायेगा।

→ SHG, सहकारी समितियों आदि का विकास

वस्तुतः सीमावर्ती गांव



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti
दृष्टि The Vision

सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदु होते हैं। सीमा पर स्थित चौकियों तक रसद पहुँचाने, मदद पहुँचाने आदि में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम उत्तराखण्ड, हिमाचल जैसे राज्यों में आजीविका, आधारभूत संसाधनों की कमी से होने वाले पलायन को रोकेगा ताकि सीमावर्ती सुरक्षा को जनभागीदारी युक्त बनाया जा सके। इस सन्दर्भ में कारगिल की घुसपैठ को एक स्थानीय चरवाहे द्वारा पकड़े जाने से समझ सकते हैं।

अतः सीमावर्ती गांवों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम सीमा सुरक्षा के साथ-साथ मानव संसाधन के विकास में भी सहायक होगा जो कि अन्ततः भारत के कल्याणकारी स्वरूप को ही प्रतिबिंबित करेगा।

4.5/10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

5. भारत के रिवर क्रूज़ पर्यटन में अर्थव्यवस्था पर गुणक प्रभाव डालने की क्षमता है। परीक्षण कीजिये। (150 शब्द) 10

India's river cruise tourism has a potential to bring multiplier impact on the economy. Examine. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

हाल ही में गंगा नदी पर 'गंगा विलास क्रूज' परिवहन द्वारा इस क्षेत्र में पर्यटन सम्बन्धी चर्चाओं को शुरु किया गया।

MV

## रिवर क्रूज पर्यटन की संभावनाएँ

i) भारत में 111 जलमार्ग चिन्हित किये गये हैं।

ii) हिमालयी नदियों का मैदानी भागों में शांत प्रवाह।

iii) जलमार्ग द्वारा परिवहन की लागत का रेल & सड़क से किफायती होना।

iv) भारत में नदियों के किनारे विभिन्न तीर्थ, धार्मिक स्थल हैं। फलतः धार्मिक पर्यटन भी बढ़ेगा जैसे. उज्जैन, हरिद्वार, वाराणसी, इलाहाबाद, नासिक, त्र्यम्बकेश्वर आदि।

→ रोजगार सृजन

अर्थव्यवस्था पर प्रभाव :- i) रिवर क्रूज



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

पर्यटन के सन्दर्भ में निवेश कम, प्रतिफल ज्यादा (क्योंकि नदियाँ प्राकृतिक रूप से उपलब्ध हैं न कि सड़क/रेल की तरह उनका निर्माण करना पड़ेगा)

ii) पर्यावरण की दृष्टि से भी जल परिवहन अच्छा है। ग्रीन एनर्जी तथा नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालन काफी सुलभ होगा।

iii) लागत प्रभावी

iv) रिवर क्रूज पर्यटन संबंधी उत्सुकता तथा इसकी विभिन्नता (जैसे कि सम्पूर्ण भारत में कहीं भी इसका इस्तेमाल)

v) विदेशी मुद्रा के सम्बन्ध में भी लाभकारी जैसे कि गंगा विलास की बुकिंग मे आधे से ज्यादा विदेशी पर्यटक थे।

इस प्रकार रिवर क्रूज पर्यटन भारतीय अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक तीनों क्षेत्रों को महत्वपूर्ण तरीके से प्रभावित करेगा।

4 प्रश्न के दूसरे पक्ष अर्थात चुनौतियों की भी बात करें।

4/10



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

6. भारत में, DBT (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना) को सर्वांगीण समावेशिता और दक्षता लाने के लिये जाना जाता है। इस संदर्भ में भारत में DBT के लाभों और मुद्दों का विश्लेषण कीजिये। (150 शब्द) 10

DBT in India has been recognized to bring all-round inclusivity and efficiency. In this context, analyze the benefits and issues of DBT in India. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का कथन कि "योजनाओं के लिए जारी 1 रुपये में से लक्षित समूह तक मात्र 10 पैसे पहुँचता है"। इस परिस्थिति में सुधार हेतु ही प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को लाया गया था।

DBT के बारे में बताइए

लाभ:- i) रियल टाइम में धन का हस्तान्तरण

ii) भ्रष्टाचार तथा लीकेज में कमी।
उदा०: शांता कुमार समिति के अनुसार DBT से भारत ने अब तक 90,000 करोड़ बचाये।

iii) DBT संबंधी JAM ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को मजबूत बनाया

iv) सरकारी योजनाओं की दक्षता & प्रभाविता में वृद्धि।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

v) जवाबदेहिता में वृद्धि। क्योंकि डिजिटल आंकड़ों की मदद से अंकेक्षण करना त्वरित तथा समयकुशल।

मुद्दे:- i) डिजिटल विभाजन संबंधी मुद्दा। उदा०:- भारत में केवल 26% महिलाएं ही मोबाइल इस्तेमाल करती हैं।

ii) वित्तीय & डिजिटल साक्षरता संबंधी पिछड़ापन

iii) आंकड़ों की निजता संबन्धी & सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दा

iv) तकनीकी ढांचे की सर्वव्यापकता का अभाव

v) कुशल संचालन हेतु मानव पूंजी की अनुपलब्धता। (जैसे कि मात्र 4% कार्यबल कुशल कामगार है भारत में)

अतः यह कहना उचित होगा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का लागू होना वित्तीय समावेशन की दिशा में बस एक कदम है, अभी हमें पूरी रेस दौड़नी पड़ेगी।

5/10


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

7. भारतीय रेलवे को सुरक्षा उपायों में सुधार करने, गति में वृद्धि करने और समय की पाबंदी को सुनिश्चित करने पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ-साथ अपने बुनियादी ढाँचे के व्यापक उन्नयन की आवश्यकता है। टिप्पणी कीजिये। (150 शब्द) 10

The Indian Railways requires a comprehensive upgrade of its infrastructure with a primary focus on enhancing safety measures, increasing speed, and ensuring punctuality. Comment. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

हाल ही में उड़ीसा में हुए रेल हादसे ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को पुनः चर्चा में ला दिया। इस सन्दर्भ में निम्न बिंदु प्रस्तुत किये जा सकते हैं:-

i) भविष्य में उड़ीसा रेल हादसे जैसी घटनाओं को रोकने हेतु रेल कवच का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग।

ii) सैटेलाइट, GPS आदि का प्रभावी उपयोग ~~तथ~~ ताकि दुर्घटना की स्थिति में अन्य ट्रेनों को रोका जा सके।

iii) भारतीय कोचों को आधुनिक बनाया जाये जैसे कि इनका निर्माण एलुमिनियम से करना (वंदे-भारत ट्रेन)

iv) इसी सन्दर्भ में सिग्नल प्रणाली को आधुनिक बनाते हुए, इसके



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उल्लंघन पर त्वरित चेतावनी प्रणाली की व्यवस्था।

v) रेलवे ट्रैक का नवीनीकरण तथा विद्युतीकरण

vi) असामाजिक तत्वों से ट्रैक के रख-रखाव को सुनिश्चित किया जाये

vii) मानव रहित क्रॉसिंग को प्रतिबन्धित किया जाये

viii) बैरियर की डिजायन में बदलाव करते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जाये।

ix) भविष्य में ~~सेमी हाईस्पीड~~ ट्रेन, ~~हाईस्पीड~~ बुलेट ट्रेन के सन्दर्भ में आबादी वाली स्थानों पर ~~ऊपर~~ एलिवेटेड ~~मार्ग~~ मार्ग पर विचार किया जा सकता है

अतः भविष्य में रेल परिवहन को सुरक्षित तथा समयबद्ध बनाने हेतु बहुआयामी रणनीति के तहत नीति-निर्माण पर बल देना होगा।

↳ कुछ सरकारी प्रयास भी बताए
- LHB कोच, विद्युतीकरण, राष्ट्रीय रेल सुरक्षा कोष

4.5/10

अभ्यर्थी को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)



drishti दृष्टि The Vision
www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

8. "पोषक-अनाज खाद्य असुरक्षा, कुपोषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं"- दिये गए कथन के आलोक में विश्लेषण कीजिये कि भारत सरकार कदन्न मिशन को क्यों आगे बढ़ा रही है। (150 शब्द) 10

"Nutri-cereals can play a significant role in battling food insecurity, malnutrition and climate change"- In the light of the given statement analyse why Government of India is pushing for Millet mission. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति 'गंभीरतम' श्रेणी में होना, भारत में कुपोषण & जलवायु परिवर्तन से खाद्य असुरक्षा पर व्यापक चर्चा को जन्म देता है।

भूमिका मे कदन्न मिशन की बात करना ज्यादा ठीक होता।

इस सन्दर्भ में भारत सरकार द्वारा बजट 2023-24 में 'श्री अन्न' कार्यक्रम की घोषणा भी ~~गयी~~ हुयी।

i) इसके तहत मिलेट उत्पादन को प्रोत्साहित किया जायेगा।

ii) मिलेट, गेहूँ ~~चावल~~ की अपेक्षा पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।

iii) जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में मिलेट किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने में समर्थ होते हैं।

→ कम जल तथा कम $CH_4$ उत्सर्जन होता है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

iv) मिलेट ग्लूटेन मुक्त होते हैं। अतः स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होते हैं

v) उत्पादन काफी कम पूंजी गहन होता है।

vi) उत्पादन में रसायनों की आवश्यकता कम पड़ती है। फलतः पर्यावरण तथा मृदा हितैषी।

vii) इसी प्रकार मिलेट उत्पादन भारत के संदर्भ में प्राचीनता ही युक्त है, किंतु अब इसे पुनः स्थापित किया जा रहा है।

उपर्युक्त तथ्यों से मिलेट का खाद्य प्रणाली में महत्व समझा जा सकता है। इसलिए ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है।

4/10



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

9. टपक सिंचाई तकनीकों के प्रभावी कार्यान्वयन से किसानों को बहुत लाभ हो सकता है। इस संबंध में भारत में किसानों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं की चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

The effective implementation of drip irrigation techniques can greatly benefit farmers. In this regard discuss various issues faced by farmers in India. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के तहत टपक सिंचाई को सूक्ष्म सिंचाई के तौर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्रति बूँद अधिक फसल

टपक सिंचाई :- विभिन्न प्रकार के धातु के पाइप का इस्तेमाल करके पानी की लक्षित डिलीवरी की जाती है।

लाभ :- i) पानी की बचत

ii) पानी एवं उर्वरक का एक साथ प्रयोग

श्रम की भी बचत

iii) उर्वरक की कम मात्रा का प्रयोग

iv) सुपोषण की कम संभावना

v) एक बार स्थापित होने के बाद लागत प्रभावी

vi) खर पतवार की समस्या नहीं



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

समस्यायें :- i) प्रारम्भ में अत्यधिक पूंजी गहन

ii) रख-रखाव सम्बन्धी समस्या

iii) चूंकि भारत में 86% सीमांत किसान अत: कम उपयोगी

→ सब्सिडी का अभाव

iv) गेहूँ, चावल, गन्ना जैसी अत्यधिक जल जरूरत वाली फसलों के ~~सन्दर्भ~~ में कम उपयोगी

v) उर्वरक का जल में विलेय न होने पर टपक छिद्रों का बंद हो जाना

vi) सिंचाई पूर्व खेत को लेजर से समतल कराना। प्रक्रिया सम्बन्धी संसा-धनों की अनुपलब्धता।

उपर्युक्त समस्याओं के बाद-जूद भारत में सूखा संकट को देखते हुए टपकन सिंचाई जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकी जल प्रबंधन में काफी महत्वपूर्ण है।

5/10

अच्छा प्रयास है


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

10. हाल के वर्षों में वामपंथी उग्रवाद के निर्धारक तत्त्वों का भौगोलिक प्रभाव कम हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों में खतरों का प्रतिकार करने के लिये भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा कीजिये।

(150 शब्द) 10

The geographical influence of the determinants of Left-wing extremism has been reduced in recent years. Discuss the steps taken by the Government of India to counter the threat in the affected areas.

(150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वामपंथी उग्रवाद का उदय तत्कालीन भारत की सामाजिक, आर्थिक, विषमताओं के चलते हुआ था जिसमें कुछ लोगों ने समस्या समाधान हेतु उग्रवाद का रास्ता चुना।

वर्तमान समय में वामपंथ संबंधी 'लाल गलियारा' काफी कम हुआ है तथा यह समस्या मुख्यतः अब 40 जिलों के आस-पास ही रह गयी है।

सरकार के कदम (उपाय) :- i) मूल कारण आर्थिक विषमता को आर्थिक विकास की नीतियों द्वारा संतुलित करना

ii) विभिन्न सड़कों, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों

भूमिका थोड़ी छोटी रखे।

एक मैप अपेक्षित था।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

का निर्माण

(ii) नक्सली समर्पण & पुनर्वास योजना

(iii) प्रभावित क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर संसाधन संबंधी तथा राजनीतिक अधिकारों का विकेन्द्रीकरण (5 & 6 अनुसूची)

(iv) ग्रेहाउंड्स, कोबरा आदि समर्पित सुरक्षा बलों का निर्माण

↳ सुरक्षा संबंधी व्यय योजना

(v) "SAMADHAN" रणनीति का प्रयोग

(vi) विदेशी सहायता (धन, मादक पदार्थों की तस्करी, हथियार तस्करी) पर ~~प्रतिबंध~~ प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जा रहा है।

4.5/10

इस प्रकार स्पष्ट है कि वामपंथी उग्रवाद से निपटने हेतु उसकी मूल समस्याओं का समाधान कर सम्पूर्ण भारत में समावेशी विकास की प्रक्रिया को मूर्तरूप देना होगा।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

11\. भारत में मत्स्ययन क्षेत्र की क्षमता का अच्छी तरह से पता नहीं लगाया गया है। इस आलोक में भारत के मत्स्ययन क्षेत्र में निहित अवसरों एवं चुनौतियों का विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द) 15
The potential of the fisheries sector in India has not been explored well. In light of this, analyze the opportunities and challenges of the fisheries sector in India. (250 words) 15

(अभ्यर्थी को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।)
(Candidate must not write on this margin)

भारतीय भू-भाग की प्रायद्वीपीय तथा उष्णकटिबंधीय स्थिति इसे मत्स्ययन की दृष्टि से काफी संसाधन युक्त क्षेत्र बनाती है।

इस सन्दर्भ में यह तथ्य कि भारत का मत्स्ययन में विश्व में द्वितीय स्थान (2022) है, महत्वपूर्ण हो जाता है।

3rd सबसे बड़ा उत्पादक

अवसर :- i) प्रायद्वीपीय भू-भाग के चलते समुद्री मत्स्ययन की अत्यधिक संभावना

ii) आन्तरिक मत्स्ययन (मीठे जल) की संभावना भी अत्यधिक (क्योंकि नदी, तालाब, झील आदि की अत्यधिक उपलब्धता)

iii) मत्स्ययन के संदर्भ में भारत में


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

अत्यधिक जनसंख्या की उपस्थिति, उपभोक्ता बाजार में अत्यधिक संभावना बनाती है।

→ सरकारी प्रोत्साहन

iv) मत्स्यन उद्योग का कम पूंजी गहन होना तथा अधिक प्रतिफलयुक्त होना, इसे महत्वपूर्ण बनाता है।

→ सनराइज सेक्टर

v) नीली अर्थव्यवस्था सम्बन्धी संधारणीयता हेतु मत्स्यन उद्योग में काफी प्रोत्साहन की जरूरत है।

चुनौतियाँ :- i) मत्स्यन के लिए मछुआरों का अन्तर्राष्ट्रीय जल में जाना और सीमा उल्लंघन पर कैद किया जाना।

ii) मछली पालन कुछ समूहों के लिए नैतिक मुद्दा

iii) जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण की वजह से मछलियों का प्रवासन, ठंडे पानी की ओर



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation
उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(iv) सरकारी प्रयासों के बारे में जागरूकता का अभाव

v) मछली पालन संबंधी प्रशिक्षण, ज्ञान की कमी।

→ IUU मत्स्यग्रहण

→ तकनीकी और बुनियादी ढांचा

6.5/15

हालांकि भारत सरकार द्वारा मत्स्य संपदा योजना, मछुआरों की बोट में GPS ट्रैकर लगाना, मछुआरों की पहचान पत्र देना तथा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण समूह में मत्स्यग्रहण को शामिल करना आदि उपाय इस क्षेत्र की प्रगति हेतु किये गये हैं।

अतः स्पष्ट है कि मत्स्यग्रहण संबंधी चुनौतियों का समाधान करके ही भारत खाद्य सुरक्षा के साथ साथ नीली अर्थव्यवस्था संबंधी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पायेगा।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

12. GIS (भौगोलिक सूचना प्रणाली) और रिमोट सेंसिंग तकनीक (सुदूर संवेदन) जैवविविधता संरक्षण के साथ-साथ वन्यजीव विश्लेषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विवेचना कीजिये। (250 शब्द) 15

GIS and Remote sensing Technology plays a vital role in biodiversity conservation as well as wildlife analysis. Discuss. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भौगोलिक सूचना प्रणाली तथा रिमोट सेंसिंग तकनीक, दोनों उपग्रह तथा कुछ नवीन उपकरणों के उपयोग द्वारा जैव-विविधता के साथ-साथ आपदा प्रबंधन, संसाधनों की खोज जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी करती हैं।

जैव विविधता संरक्षण :- i) सुदूर संवेदन द्वारा विभिन्न बायोमों पर रियल टाइम निगरानी संभव।

ii) वृक्षों का कटान, मृदा का निम्नीकरण आदि की सूचना

iii) जलवायु परिवर्तन का प्रभाव जैव-विविधता पर क्या पड़ा? इसके विश्लेषण में उपयोगी

iv) प्राकृतिक आपदा या मानव हस्तक्षेप



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

द्वारा जैव विविधता का आकलन तथा इसके संरक्षण संबंधी प्रयासों की निगरानी

v) वन सर्वेक्षण रिपोर्ट निकालने के लिए आवश्यक आँकड़ों की उपलब्धता

डेटाबेस बनाना

वन्यजीव विश्लेषण :- i) वन्यजीवों की संख्या, घनत्व, प्रवासन आदि पर निगरानी संभव

ii) वन्यजीवों के पर्यावास (Niche) संबंधी आवश्यक जानकारी जुटाना ताकि स्वस्थाने संरक्षण समुचित तरीके से किया जा सके

iii) प्रोजेक्ट टाइगर, चीतों का पुनर्वास, हाथी परियोजना आदि की निगरानी। जैसे कि चीतों पर RFID Tag लगाकर उनकी निगरानी की जा रही है



उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti दृष्टि The Vision

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

iv) अवैध शिकार, जलवायु परिवर्तन से उपजी समस्याओं, आपदाओं (यथा वनाग्नि, बाढ़) से सुरक्षा में सहायक। जैसे- (असम में बाढ़ के समय गैंडो को बचाया गया)

उपर्युक्त कार्यों के अलावा भौगोलिक सूचना प्रणाली तथा रिमोट सेंसिंग प्रणाली 24×7, सटीक तथा त्वरित समय आधारित आंकड़ों के आधार पर नीति-निर्माण में सरकार की मदद भी करते हैं।

इस प्रकार उपर्युक्त दोनों प्रणालियाँ पारिस्थितिकी तंत्र के संधारणीय प्रतिरूप को बनाये रखते हुए विकास प्रकिया संचालन में काफी मददगार साबित हो रही हैं।

7/15

अच्छा प्रयास है

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

13. भारत, गैर-निष्पादित संपत्तियों की नवीन अभिवृद्धि में गिरावट देख रहा है। इस संदर्भ में उन कारकों की चर्चा कीजिये जिनके कारण बैंकों की लाभप्रदता में सुधार हुआ साथ ही बैड बैंक की आवश्यकता का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द) 15

India is witnessing a decline in the fresh accretion of Non-Performing Assets. In this context, discuss the factors which led to the improved profitability of banks and critically analyze the need for the bad bank. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

गैर-निष्पादित परिसंपत्ति से आशय है कि परिसंपत्ति संबंधी ब्याज & मूलधन की किस्त 90 दिनों से बकाया है। कृषि संदर्भ में इसे एक फसल चक्र तक माना जाता है।

बैंकों की लाभप्रदता में सुधार :-

i) RBI द्वारा त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही (PCA) जैसे विनियमों को लागू किया गया

ii) सरकारी बैंकों का ऋण (NPA) अब 5.64% के निचले स्तर पर है

iii) सरकार द्वारा पुन: पूंजीकरण बांड्स जारी करना

iv) बैंको के समेकन से प्रचालन



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

दक्षता का बढ़ना तथा बैंकों की पहुँच में तीव्र वृद्धि

v) बैंकों के NPA को बैड बैंक को स्थानान्तरित कर बैंकों की बैलेंस शीट में सुधार।

→ NPA को राइट ऑफ करना

बैड बैंक :- ऋणग्रस्त परिसंपत्तियों के NPA में बदलने पर बैड बैंक द्वारा इनको खरीदा जाता है तथा अपने स्तर पर ऋण वसूली की प्रक्रिया की जाती है।

लाभ :- i) बैंकों की बैलेंस शीट में सुधार

ii) दबावग्रस्त परिसंपत्तियों में कमी से बैंकों द्वारा अन्य कार्यों में फोकस

iii) नये साख सृजन पर ध्यान देना संभव

iv) बैड बैंक में प्रोफेशनल द्वारा ऋण

अभ्यर्थी को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वसूली करायी जाती है।

v) बैंकों का वसूली संबंधी समय, धन आदि की बचत। जिसका प्रयोग वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया में होता है।

→ IBC कोड को लागू करने में मदद

नकारात्मक पक्ष:- i) बैड बैंकों का प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा है।

ii) यह NPA का स्थानान्तरण है, वास्तव में NPA की समस्या का समाधान नहीं।

→ संभावित क्रेता ढूढ़ना

इस प्रकार कहा जा सकता है कि दबावग्रस्त आस्तियों (NPA) के समाधान में बैड बैंक की भूमिका एक सीमित हद तक स्वीकार की जा सकती है। दीर्घ काल में इससे निपटने के लिए अन्य रणनीतियाँ जैसे IBC, आदि बनानी पड़ेंगी।

7/15



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

14. तुर्किये में आया हालिया भूकंप इस बात पर प्रकाश डालता है कि भारत में आपदा जोखिमों की पहचान करना और भूकंप के प्रभावों को न्यूनीकृत करना तथा भविष्य के लिये व्यावहारिक रणनीति बनाना कितना महत्त्वपूर्ण है। विवेचना कीजिये। (250 शब्द) 15

The recent earthquake in Turkey underscores the significance of comprehending disaster risks and formulating effective measures for earthquake mitigation and future planning in India. Discuss. (250 words) 15

अभ्यर्थी को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

तुर्की में आये भूकंप से हुयी जनहानि का मुख्य कारण वहाँ सार्वजनिक निर्माण में नियमों का उल्लंघन तथा कम गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग का होना था।

भारत भौगोलिक दृष्टि से विभिन्न आपदाओं यथा भूकंप, बाढ़, भू-स्खलन, वनाग्नि, सूखा, सुनामी, आदि के प्रति प्रवण देश है। ~~इस~~ सन्दर्भ में केदारनाथ त्रासदी (2013), भुज भूकंप (2004), उत्तराखण्ड के जंगलों में लगी आग, शिमला में हुआ भू-स्खलन आदि महत्त्वपूर्ण उदा० हैं।

भारत के भूकंप ज़ोन का एक मैप बेहतर होता।

विभिन्न प्रकार की आपदाओं से प्रभावित ~~(हो~~ होने की वजह से आपदा संबंधी जोखिम की पहचान बहुत महत्व-



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

पूर्ण है। इसके फायदे हैं:
i) आपदा पूर्व तैयारी हेतु रणनीति का विकास कर सकेंगे
ii) आपदा के दौरान हानि को कम करने हेतु क्या करना चाहिए, सम्बन्धी जागरूकता का प्रसार
iii) भूकंप जैसी आपदा भू-स्खलन, वनाग्नि आदि आपदाओं को भी प्रेरित कर सकती है। इस सन्दर्भ में भी शमन रणनीति बनानी होगी।
iv) इंडिया स्टैक रूप, NDMA दिशा-निर्देश इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण है।
भविष्य की रणनीति:- i) तुर्की से सीख लेते हुए अनियोजित विकास पर पाबंदी
ii) सार्वजनिक निर्माण के दौरान ररुवता का ख्याल तथा भूकंप रोधी भवनों का

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

→ संसाधन प्रबंधन


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

निर्माण

(iii) भारत को भूकंप के हिसाब से 4 जोन में बाँटा गया है। इस वर्गीकरण के हिसाब से आपदा पश्चात तैयारी व रणनीति का निर्माण

(iv) सेंडई फ्रेमवर्क अनुपालन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

v) आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को और दक्ष बनाने की आवश्यकता है।

निष्कर्ष रूप से यह कह सकते हैं कि आपदा के सन्दर्भ में भारत सरकार द्वारा उठाये जा रहे विभिन्न कदम जैसे कि - तकनीक द्वारा मोबाइल पर चेतावनी, विभिन्न प्रतिक्रिया बल, राहत कोष, स्थानीय संस्थाओं से सहयोग आदि महत्वपूर्ण हैं तथा आपदा आपदा शमन के लिए आवश्यक भी है।

6/15

→ भवन निर्माण संहिता और मानक


Copyright – Drishti The Vision Foundation

15. यद्यपि भारत ने आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है तदापि मानव विकास संकेतकों के मामले में इसका प्रदर्शन काफी नहीं है। परीक्षण कीजिये। (250 शब्द) 15

While India has made significant strides in economic growth, its performance in terms of human development indicators falls short. Examine. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारतीय अर्थव्यवस्था क्रयशक्ति क्षमता के मामले में विश्व में तीसरी सबसे बड़ी तथा सकल घरेलू उत्पाद के सन्दर्भ में 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

मानव विकास संकेतकों पर प्रदर्शन

i) HDI इंडेक्स में मध्यम श्रेणी में स्थान

ii) गिनी गुणांक का उच्च मान

iii) बहुआयामी गरीबी सूचकांक में निम्न स्थिति (27.3 करोड़ लोग गरीब)

iv) ग्लोबल हंगर सूचकांक पर अत्यंत गंभीर स्थिति श्रेणी में होना

v) विश्व खुशहाली सूचकांक में श्रीलंका, बांग्लादेश जैसे देशों से भी नीचे होना



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

↳ मानव विकास की चुनौतियाँ क्या हैं —
शिक्षा
स्वास्थ्य
लैंगिक भेदभाव
-- आदि।

उपर्युक्त सारे तथ्य भारत के मानव विकास संकेतक में खराब प्रदर्शन को इंगित करते हैं। हालांकि स्थिति इतनी खराब भी नहीं है। जैसे कि :-

i) भारत ने HDI के बाल स्टंटिंग पैरामीटर में विश्व में सबसे तीव्र सुधार किया है

ii) मातृत्व मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर आदि में निरंतर गिरावट जारी है।

iii) 2011-2019 तक 19 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है

iv) खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्त्री धन योजना आदि द्वारा समावेशी विकास की प्रक्रिया भी चल रही है।

इस प्रकार भारत के आर्थिक



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

विकास को वितरणमूलक बनाने के लिए निम्न कदम उठाये जा सकते है

i) सार्वजनिक वितरण प्रणाली में रिसाव रोकने हेतु छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाना।

ii) DBT, JAM ट्रिनिटी का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश।

iii) सामाजिक अंकेक्षण को अनिवार्य किया जाये (मेघालय मॉडल) व

iv) आधारभूत संरचना सम्बन्धी योजनाएँ राष्ट्रीय इन्फ्रा पाइपलाइन, भारतमाला, सागर माला आदि का क्रियान्वयन कुशल तरीके से।

6.5/15

अतः स्पष्ट है कि आर्थिक समृद्धि से आर्थिक विकास तक की प्रक्रिया काफी जटिल पहेली है जिसको सुलझाने के लिए समावेशी, संधारणीय, पारदर्शी नीति-निर्माण की आवश्यकता होगी।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

16. डीपफेक राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के विषय में गंभीर समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है। इस संबंध में 'सतर्क उपभोक्ता', 'जिम्मेदार मीडिया' और 'सक्रिय नियामकों की आवश्यकता है ताकि इन्फोडेमिक को जन्म दे रही समस्याओं पर अंकुश लगाया जा सके। विवेचना कीजिये। (250 शब्द) 15

Deepfakes can lead to serious issues concerning internal security of the nation. In this regard there is a need to have 'vigilant consumers', 'responsible media' and 'active regulators' to prevent the issue of infodemic. Discuss. (250 words) 15

अभ्यर्थी को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

डीपफेक तकनीक के तहत विभिन्न AI उपकरणों, डाटा आदि के द्वारा फर्जी सूचना संबंधी ऑडियो, वीडियो, चित्र आदि तैयार किये जाते हैं। जैसे कि टी० एन० शेषन का चुनावी सुधार सम्बन्धी वीडियो डीप फेक की मदद से बनाया था।

भूमिका अच्छा है

समस्या :- i) राष्ट्र में फेक न्यूज, सांप्रदायिक हिंसा आदि के द्वारा तनाव में वृद्धि होगी

ii) वर्ग संघर्ष को बढ़ाने हेतु किसी की पहचान का गलत इस्तेमाल होगा

iii) आर्थिक अपराध, साइबर क्राइम आदि में बढ़ोत्तरी होगी।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

iv) फर्जी वीडियो बनाकर सुरक्षा बलों के खिलाफ नफरत फैलायी जा सकती है।

उपाय:- i) सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में नीति-निर्माण की आवश्यकता

ii) जनता में जागरूकता का प्रसार, ताकि वो तथ्यों का क्रॉस चेक करे

iii) किसी भी चीज, वस्तु खरीददारी में संदेह होने पर रिपोर्टिंग की आदत का विकास करना

iv) मीडिया समूह द्वारा पहले तथ्यों की जाँच करना।

v) 2000 के नोट में चिप का होना, उदाहरण से मीडिया की जिम्मेदारी संबंधी भावना को समझा जा सकता है।

vi) डीप फेक से निपटने हेतु सरकार द्वारा समर्पित अनुसंधान शाला का

सतर्क उपभोक्ता

39


Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

निर्माण किया जा सकता है

v) डीप फेक के सम्बन्ध में जागरूकता, वर्कशॉप आदि का आयोजन

vi) डिजिटल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा संबंधी ठोस उपायों की जरूरत। CERT-in साइबर स्वच्छता केंद्र आदि सराहनीय पहलें की गयी हैं।

vii) सरकार द्वारा डीप फेक से निपटने हेतु विनियम का निर्माण ताकि जानबूझ कर उल्लंघनकर्ताओं की संख्या में कमी आ सके।

इस प्रकार स्पष्ट है कि डीप फेक जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने हेतु प्रो-एक्टिव रणनीति बनानी होगी तभी जाकर हमें सफलता मिलेगी।

7/15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

17. ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) किस प्रकार ऑनलाइन विक्रेताओं के लिये एक समान अवसर प्राप्त करने का उद्देश्य रखता है? प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियाँ इसमें शामिल होने से क्यों बच रही हैं? (250 शब्द) 15

How does the Open Network for Digital Commerce (ONDC) intend to achieve a level-playing field for online sellers? Why are major e-commerce players reluctant to join this? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स एक नवीन अवधारणा है जिसके तहत विक्रेता तथा खरीददार किसी एक प्लेटफार्म से खरीदने की बाध्यता से मुक्त हो सकेंगे।

ONDC में एक विक्रेता मंच पर पंजीकृत खरीददार बिना किसी बाधा के दूसरे मंच से खरीददारी कर सकेगा। उदा० :- अमेजन पर पंजीकृत उपभोक्ता फ्लिपकार्ट पर पंजीकृत विक्रेता से वस्तुओं की खरीददारी कर सकेगा।

लाभ :- i) विक्रेताओं का ग्राहक आधार बढ़ जायेगा।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

ii) विक्रेता को एक ही मध्यवर्ती मंच के सीमित उपभोक्ताओं के अलावा अन्य उपभोक्ता भी मिलेंगे।

(iii) स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से मूल्य में संतुलन आयेगा।

iv) अंतर-कामर्स वेबसाइट गतिशीलता बढ़ेगी

v) ONDC से ग्राहकों को उपलब्ध विकल्पों की संख्या बढ़ जायेगी

हालांकि उपर्युक्त लाभों के बावजूद विभिन्न कामर्स कम्पनियाँ इस प्रक्रिया में नहीं आना चाह रहीं हैं। इसके प्रमुख कारणों में उनकी राजस्व हानि, विक्रेता सम्बन्धी एकाधिकारिता में कमी, उपभोक्ता सम्बन्धी आंकड़ो में कमी, उपयोग



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

-कर्ताओं की संख्या में ठहराव तथा उपभोक्ता की पसंद सम्बन्धी नियंत्रण का कमजोर होना है।

हालांकि सरकार द्वारा डिजिटल कामर्स में सुधार की प्रक्रिया के तहत इस तरह के सुधारों को लागू करने की कोशिश की जा रही है। जो भारत जैसे डिजिटली कम साक्षर तथा अत्यधिक बड़े बाजार के सन्दर्भ में उचित भी है।

इस प्रकार ONDC सम्बन्धी शिकायतों, शंकाओं का निवारण करते हुए इसे भारत के सन्दर्भ में लागू किया जा सकता है ताकि समावेशी विकास की प्रक्रिया और संधारणीय रूप से चल सके।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उत्तर में थोड़ा और विविधता लाएं।

6.5/15



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

18. भारत में समुद्री सुरक्षा के समक्ष कौन-से खतरे हैं? साथ ही, भारत के वर्तमान समुद्री सुरक्षा तंत्र की विवेचना कीजिये। (250 शब्द) 15

What are the threats to maritime security in India? Also, discuss the present Maritime Security Mechanism of India. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत की लगभग 7500 कि०मी० लम्बी तट रेखा तथा लक्षद्वीप, अण्डमान जैसे विभिन्न द्वीपों की उपस्थिति इसे समुद्री सुरक्षा के प्रति सुभेद्य बनाती है।

खतरे :- i) तटरेखा का अत्यधिक विशाल होना, जिस वजह से निगरानी में कठिनता (2011 में मुंबई हमला)

ii) तटीय सुरक्षा संबंधी एकीकृत नीति का अभाव

iii) पाकिस्तान की तरफ से निरन्तर घुसपैठ का प्रयास

iv) ड्रग्स तस्करी, मानवतस्करी आदि खतरों की भी उपस्थिति

v) चीन की हिन्द महासागर में



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

बढ़ती सक्रियता

vi) विभिन्न प्रकार की समुद्री आपदाओं से सुरक्षा तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

वर्तमान सुरक्षा तंत्र: i) त्रिस्तरीय सुरक्षा संरचना।

a) सबसे बाहरी घेरा - नौसेना।

b) मध्यवर्ती घेरा - तटरक्षक बल

c) अंतिम (तटीय) घेरा - स्थानीय राज्यों की पुलिस

ii) इस सन्दर्भ में विभिन्न संस्थानों की स्थापना कर सैटेलाइट निगरानी को भी सक्षम बनाया है जैसे- ~~INO~~ (INCOIS, हैदराबाद)

iii) आपदा संबंधी चुनौतियों से निपटने हेतु तटीय पूर्व चेतावनी प्रणाली का निर्माण तथा तटीय विनियमन नियमों की उपस्थिति


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

iv) नाविक की सहायता, विभिन्न प्रकार के सैटेलाइट द्वारा निरंतर इमेजिंग प्रक्रिया

हालांकि उपर्युक्त सुरक्षा तंत्र के बावजूद अभी भी कई सुधार किये जा सकते हैं जैसे कि एक समर्पित समुद्री सुरक्षा कमांड का निर्माण, स्थानीय लोगों की भागीदारी में बढ़ोत्तरी के प्रयास, अंतर्राज्यीय पुलिस सहयोग / समन्वय में वृद्धि के प्रयास, अत्याधुनिक निगरानी तकनीकों का इस्तेमाल आदि।

सरकारी प्रयास भी बताएं - SAGAR, IONS, IORA

इस प्रकार स्पष्ट है कि भारत की सम्पूर्ण सुरक्षा का चक्र पूर्ण करने हेतु समुद्री सुरक्षा सम्बन्धी चुनौतियों का समाधान न केवल आवश्यक है अपितु अनिवार्य भी है।

7/15

अच्छा प्रयास है



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

19. वैश्विक अंतरिक्ष बाज़ार के भीतर अपनी क्षमता हासिल करने के लिये अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। विवेचना कीजिये। (250 शब्द) 15

There is a need to promote the private sector in Space to enable it to achieve its potential within the global space market. Discuss. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वैश्विक अंतरिक्ष बाजार के भीतर आज विभिन्न आयाम जैसे- अंतरिक्ष पर्यटन, स्पेसपोर्ट्स, अंतरिक्ष अन्वेषण का विकास हो रहा है। इस सन्दर्भ में भारत के लिए इसरो की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में स्पेसएक्स, ब्लूओरिजिन आदि निजी कंपनियाँ काफी अग्रणी स्तर पर कार्य कर रहीं हैं। भारतीय सन्दर्भ में इससे निम्न लाभ हो सकते हैं-

i) अंतरिक्ष सम्बन्धी संपूर्ण संभावनाओं के उपयोग की क्षमता का विस्तार

ii) इसरो का ध्यान राष्ट्र के लिए आवश्यक तकनीकों, खोजों पर केन्द्रित

[Examiner's remarks: भारत की महज 2% हिस्सेदारी; आँकड़े का प्रयोग बेहतर होता।]



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

करना आसान होगा

iii) निजी क्षेत्र द्वारा लाभ प्रेरित गतिविधियों से भारतीय अर्थव्यवस्था में भी बढ़ोत्तरी होगी।

iv) NSIL, आदि संस्थायें इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

v) निजी क्षेत्र पर्यटन आदि गतिविधियों के जरिये विदेशी मुद्रा की कमाई कर देगा।

vi) निजी क्षेत्र प्रयोग के सम्बन्ध से अंतरिक्ष सम्बन्धी तकनीकों का बहु-दिशीय प्रयोग भी सम्भव होगा। जैसे- बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक उपग्रह प्रमोचन यान से ही प्रेरित है।

vii) इसरो की कार्यक्षमता सीमित है

अतः निजी क्षेत्र के इस्तेमाल से वैश्विक अंतरिक्ष बाजार पर अपनी पकड़

→ युवाओं में वैज्ञानिक जिज्ञासा
→ स्पेस स्टार्टअप



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

बनाये रखना, अच्छा कदम साबित होगा।

चुनौतियाँ: i) निजी क्षेत्र में पर्याप्त पूंजी व रुचि का अभाव

ii) इसरो & निजी क्षेत्र सहयोग अभी प्रारंभिक चरण में

iii) निजी क्षेत्र की लाभ कमाने की प्रवृत्ति से इसरो के कल्याणकारी उद्देश्यों से समझौता होने का खतरा।

iv) अत्याधुनिक तकनीक के गलत हाथों में पड़कर गलत प्रयोग का खतरा।

v) आंतरिक & बाह्य सुरक्षा सम्बन्धी चिंताएँ।

अतः निजी क्षेत्र द्वारा वैश्विक अंतरिक्ष सम्बन्धी संभावनाओं को पूरा करने से पहले विभिन्न चुनौतियों का तर्कसंगत तथा त्वरित निपटान आवश्यक है।

6.5/15



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

20. चैटबॉट्स का हालिया उद्भव उस अविश्वसनीय परिवर्तन का एक स्पष्ट संकेत है जिसे वर्तमान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के रूप में जाना जा रहा है। हालांकि इसमें कई चुनौतियाँ भी हैं। विस्तारपूर्वक समझाइये। (250 शब्द) 15

The recent emergence of chatbots is a clear indication of the incredible transformation that artificial intelligence is currently undergoing. However, it also possesses several challenges. Elaborate. (250 words) 15

अभ्यर्थी को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
Candidate must not write on this margin

चैटबॉट्स वस्तुतः एक प्रकार का मशीन लर्निंग युक्त AI बॉट होते हैं जो प्रयोगकर्ता की मांग को समझकर उपलब्ध आँकड़ों को संसाधित कर उत्तर देने का प्रयास करते हैं। जैसे- ChatGPT, एलेक्सा, कोर्टाना आदि

चैटबॉट्स के जरिये हम अपनी विभिन्न गणितीय, तकनीकी, दैनिक जीवन सम्बन्धी समस्याओं के सन्दर्भ में मदद ले सकते हैं। जैसे कि • ऑडियो निर्देश से लाइट का बंद होना, किसी को फोन लगाना, गणितीय समस्या का समाधान ढूंढना तो Chat GPT जैसे कुछ आधुनिक बॉट्स रचनात्मक कार्य जैसे- निबन्ध लिखना, कवित



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright - Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

लिखना आदि कार्य करने में भी सक्षम है। यही सब तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य है कि विभिन्न कार्यों को मानव से अधिक कुशलता, समयबद्धता के साथ करने में AI को सक्षम बनाना।

हालांकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्बन्धी जोखिम भी हैं। जैसे कि एक बॉट का जोक (हँसी) के उदाहरण में यह कहना कि एक दिन मशीनें मनुष्यों पर नियंत्रण स्थापित करेंगी। इसी प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता युक्त बॉट आंकड़ों का इस्तेमाल, संग्रहण कैसे करते हैं? इस सन्दर्भ में भी चिंता विद्यमान है।

इसी प्रकार एक प्रयोगकर्ता ने दावा किया कि उसका बॉट मानवीय भावनाओं को समझने में सक्षम है।

↳ उत्तर मे और विविधता लाए

↳ आवश्यकता अनुसार बिंदुवार भी लिखे।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

अगर ऐसा है तो नैतिकता & अन्य स्तरों पर नयी दुविधाओं का भी जन्म होगा क्योंकि फिर बॉट सम्बन्धी सर्वाइवल चिंता का जन्म भी हो सकता है।

उपर्युक्त के अलावा बॉट/ कृत्रिम बुद्धिमता सम्बन्धी विज्ञान अभी अपने प्रायोगिक दौर से गुजर रहा है। अतः कुछ भी निश्चित रूप से कह पाना सम्भव नहीं है अभी।

निष्कर्ष तौर पर यह स्पष्ट है कि कृत्रिम बुद्धिमता का विकास कुछ दायरों को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए क्योंकि सभ्यता के संघर्ष में वही प्रजाति बचती है जो अधिक फिट एवं योग्य होती है।

5/15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation